निगम तुहर द्वार अंतर्गत महापौर संग गोठ के तहत महापौर नीरज पाल ने वार्ड 15 अंबेडकरनगर में सुनी समस्याएं, लोगों की मांग पर सीसी रोड का होगा निर्माण तथा वर्षों से हो रही जलभराव की समस्या का होगा निदान

भिलाई नगर/ निगम तुहर द्वार अंतर्गत महापौर संग गोठ के जरिए शिविर का आयोजन आज वार्ड 15 अंबेडकरनगर नगर में किया गया। इस दौरान महापौर नीरज पाल ने मोहल्ले के लोगों की समस्याएं सुनी। वार्ड के निवासियों ने सड़क नंबर 2 में सड़क की स्थिति की समस्या से महापौर को अवगत कराया। महापौर ने अधिकारियों को सड़क निर्माण के लिए मौके पर निर्देश दिए। शीघ्र ही वार्ड क्रमांक 15 के सड़क नंबर 2 में सीसी रोड निर्माण महापौर की पहल से होगा। वार्ड के लोगों ने जलभराव की समस्या को लेकर महापौर से मुलाकात की। वार्ड वासियों ने बताया कि गदा चौक के पास जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नाली निर्माण की आवश्यकता है। इस पर महापौर ने अधिकारियों को शीघ्र ही इस समस्या का हल निकालने के लिए निर्देश दिए हैं। महापौर ने जोन आयुक्त को कहा कि 2 दिनों के भीतर जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए गदा चौक के पास नाली निर्माण एवं पुल से संबंधित कार्य प्रारंभ करावे। शिविर में निगम आयुक्त रोहित व्यास विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर , जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या एवं राजेश चौधरी , महापौर परिषद के सदस्य लालचंद वर्मा, केशव चौबे, आदित्य सिंह एवं नेहा साहू आदि मौजूद रहे। शिविर में आवेदन लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं को महापौर ने गंभीरता से सुना और पूरे समय तक शिविर में मौजूद रहे। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक आवेदनों का परीक्षण करते हुए निराकरण किया जाए। त्वरित समाधान योग्य आवेदन पर शीघ्रता से कार्यवाही की जाए। शिविर में प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री मितान योजना , आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, शहरी आजीविका मिशन के तहत व्यक्तिगत लोन एवं अन्य योजना, नए नल कनेक्शन, गुमास्ता लाइसेंस एवं अनुज्ञप्ति लाइसेंस , भवन, दुकान, व्यापारिक प्रतिष्ठान का नियमितीकरण, स्ट्रीट लाइट संधारण, संपत्तिकर, भू भाटक, जलकर, यूजर चार्ज वसूली काउंटर, पाइपलाइन, बोर, पंप, हैंड पंप संधारण, वार्ड स्तर पर नाली रोड टूट-फूट संधारण , सफाई कार्य तथा मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में जोन आयुक्त येशा लहरें , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया , सहायक अभियंता अरविंद शर्मा आदि मौजूद रहे।